असाइनमेंट :- 2 विषय :- हिंदी कक्षा :- तीसरी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर

नाम :- ________________ सेक्शन :- _________ रोल नंबर :- _______ दिनांक :- ____/09/2021

पाठ - 7

हैदराबाद की सैर

मौखिक प्रश्न / उत्तर (पेज न० 54)

(क) यह पत्र किसने, किसको लिखा है ?

उत्तर रोमा ने सजीली को

(ख) रोमा दशहरे की छुट्टियों में कहाँ घूमने गई थी ?

उत्तर हैदराबाद

(ग) हैदराबाद का बिड़ला मंदिर कौन-से पहाड़ पर बना हुआ है ?

उत्तर नौबाथ पहाड़ पर

(घ) बिड़ला मंदिर का निर्माण करने में कितने वर्ष का समय लगा था ?

उत्तर 10 वर्ष का

आपने लिखित प्रश्न / उत्तर हिंदी की नोटबुक में करने हैं |

लिखित प्रश्न / उत्तर(पेज न० 54)

(क) हैदराबाद का बिड़ला मंदिर कहाँ स्थित है?

उत्तर हैदराबाद का बिड़ला मंदिर तारामंडल के पास स्थित है |

(ख) बिड़ला मंदिर को बनवाने के लिए संगमरमर कहाँ से लाया गया था ?

उत्तर बिड़ला मंदिर को बनवाने के लिए संगमरमर विशेष रूप से राजस्थान से लाया गया था |

(ग) हैदराबाद में कौन - कौन से स्थान देखने योग्य हैं?

उत्तर हैदराबाद में चार मीनार , हुसैन सागर झील ,सालारजंग संग्रहालय देखने योग्य स्थान हैं |

(घ) कौन - कौन से शहर जुड़वाँ शहरों के नाम से जाने जाते हैं?

उत्तर हैदराबाद और सिकंदराबाद दो जुड़वाँ शहरों के नाम से जाने जाते हैं |

प्रश्न 2 :- सही उत्तर चुनकर (✓) लगाइए। <u>(पेज न० 55)</u>

(क) जल महल और आमेर का किला कहाँ स्थित है?

जयपुर (✓) हैदराबाद ( ) सिकंदराबाद ( )

(ख) हैदराबाद को किसका शहर भी कहा जाता है?

गुलाबों का ( ) योद्धाओं का ( ) नवाबों का (✓)

(ग) जिब्राल्टर नामक चट्टान पर किसकी प्रतिमा खड़ी है?

महात्मा गाँधी ( ) स्वामी विवेकानंद ( ) गौतम बुद्ध (✓)

प्रश्न 3 पाठ के आधार पर खाली स्थान भरिए।

(क) हैदराबाद का बिड़ला मंदिर <u>सफ़ेद</u> संगमरमर से बना है। (सफ़ेद /लाल)

(ख) चारमीनार की मीनारें बहुत <u>ऊँची</u> हैं। (नीची / ऊँची)

(ग) हैदराबाद का <u>गोलकुंडा</u> किला भी बहुत प्रसिद्ध है। (आमेर /गोलकुंडा)

(घ) बिड़ला मंदिर <u>नौबाथ</u> पहाड़ पर बना हुआ है। (नौबाथ/दोबारा)

भाषा ज्ञान

प्रश्न 1 नीचे लिए विशेषण विशेष्य का सही मिलान कीजिए।

विशेषण **विशेष्य**